# 2026 हृदय रोग और स्ट्रोक के आंकड़ों के अपडेट की फ़ैक्ट शीट
# संयुक्त राज्य में पुरुष और हृदय संबंधी रोग

## हृदय संबंधी रोग (CVD) (ICD-10 I00 से I99)

- 2021 से 2023 के आंकड़ों के अनुसार, 20 वर्ष और उससे अधिक आयु के 53.7% पुरुषों में किसी न किसी रूप में CVD पाया गया, जबकि महिलाओं में यह संख्या 44.1% थी.
- 2021 से 2023 के आंकड़ों के अनुसार, 20 वर्ष और उससे अधिक आयु के पुरुषों में, 63.0% नॉन-हिस्पैनिक (NH) अश्वेत पुरुष, 53.2% हिस्पैनिक पुरुष, 52.8% NH श्वेत पुरुष और 48.6% NH एशियाई पुरुषों में किसी न किसी रूप में CVD था.
- 2023 में, CVD की वजह से 4,82,719 पुरुषों की मृत्यु हुई थी (CVD से होने वाली मृत्यु का 52.7%).
- 2023 में, मृत्यु की मुख्य वजह CVD होने पर उम्र के अनुसार समायोजित की गई मृत्यु दर पुरुषों के लिए प्रति 1,00,000 पर 263.0 और महिलाओं के लिए प्रति 1,00,000 पर 180.2 थी.
- 2022 में, 55,390 परिधीय धमनी बाईपास प्रक्रियाएं की गईं और उनमें से 36,355 पुरुषों में की गईं. 4,35,895 परक्यूटेनियस कोरोनरी इंटरवेंशन प्रक्रियाओं में से 2,95,040 पुरुषों में की गईं.
- 2024 में, संयुक्त राज्य अमेरिका में 4572 हृदय प्रत्यारोपण किए गए, जो अब तक की सबसे बड़ी संख्या है. उनमें से 71.8% पुरुष थे.

## कोरोनरी हृदय रोग (CHD) (ICD-10 I20 से I25, [इसमें मायोकार्डियल इन्फ़ार्क्शन (MI) ICD-10 I21 से I22 शामिल है)]

- 2021 से 2023 तक के आंकड़ों के अनुसार, 20 वर्ष और उससे अधिक आयु के 9.9 मिलियन पुरुषों (पुरुष वयस्कों का 6.9%) को CHD था; 5.7 मिलियन पुरुषों (पुरुष वयस्कों का 3.8%) का मायोकार्डियल इन्फार्क्शन (MI) का चिकित्सकीय इतिहास था.
- 2021 और 2023 के बीच 20 वर्ष और उससे अधिक आयु के पुरुषों में, NH श्वेत पुरुषों में से 7.6%, हिस्पैनिक पुरुषों में से 5.6%, NH अश्वेत पुरुषों में से 5.0% और NH एशियाई पुरुषों में से 4.4% को CHD था.
- 2021 और 2023 के बीच 20 वर्ष और उससे अधिक आयु के पुरुषों में, NH श्वेत पुरुषों में से 4.4%, NH अश्वेत पुरुषों में से 3.2%, हिस्पैनिक पुरुषों में से 3.0% और NH एशियाई पुरुषों में से 1.5% को पहले MI था.
- 2005 से 2014 तक के आंकड़ों के आधार पर, पहले MI की औसत आयु पुरुषों के लिए 65.6 वर्ष और महिलाओं के लिए 72.0 वर्ष थी.
- 2023 में 2,12,218 पुरुषों की मृत्यु का मुख्य कारण CHD था (सभी CHD मौतों का 60.7%); 56,429 पुरुषों की मृत्यु का मुख्य कारण MI था (सभी MI मौतों का 60.5%).
- 2023 में, मृत्यु की मुख्य वजह CHD होने पर उम्र के अनुसार समायोजित की गई मृत्यु दर पुरुषों के लिए प्रति 1,00,000 पर 113.5 और महिलाओं के लिए प्रति 1,00,000 पर 56.8 थी.
- 2023 में, मृत्यु की मुख्य वजह MI होने पर उम्र के अनुसार समायोजित की गई मृत्यु दर पुरुषों के लिए प्रति 1,00,000 पर 29.5 और महिलाओं के लिए प्रति 1,00,000 पर 15.4 थी.

जब तक कि अन्यथा उल्लेख न किया गया हो, इस फ़ैक्ट शीट में दिए गए सभी आंकड़े संयुक्त राज्य से संबंधित हैं. कृपया रिपोर्ट किए गए आंकड़ों के संदर्भ और अतिरिक्त जानकारी के लिए संपूर्ण आंकड़ों का अपडेट देखें.

©2026 American Heart Association, Inc. सर्वाधिकार सुरक्षित. अनधिकृत उपयोग निषिद्ध है.

## स्ट्रोक (ICD-10 I60 से I69)

- 2021 और 2023 के बीच, 20 वर्ष और उससे अधिक आयु के पुरुषों में स्ट्रोक का प्रसा 4.7 मिलियन (पुरुषों में 3.3%) था, जबकि महिलाओं में यह आंकड़ा 4.3 मिलियन (महिलाओं में 2.6%) था.
- 20 साल और उससे अधिक आयु के पुरुषों में, निम्नलिखित को पहले स्ट्रोक हुआ था: 3.9% NH अश्वेत पुरुष; 3.9% NH एशियाई पुरुष, 3.5% हिस्पैनिक पुरुष और 3.5% NH श्वेत पुरुष.
- 2023 में, स्ट्रोक के कारण 70,920 पुरुषों की मृत्यु हुई (स्ट्रोक से होने वाली सभी मौतों का 43.6%).
- 2023 में, मृत्यु की मुख्य वजह स्ट्रोक आने पर उम्र के अनुसार समायोजित की गई मृत्यु दर पुरुषों के लिए प्रति 1,00,000 पर 39.3 और महिलाओं के लिए प्रति 1,00,000 पर 38.1 थी.

## अचानक आने वाला कार्डियक अरेस्ट (SCA) (ICD-10 I46.0, I46.1, I46.9, I49.0)

- 2023 में, SCA के कारण 10,080 पुरुषों की मृत्यु हुई (SCA से होने वाली मौतों का 55.6%).
- 2023 में, मृत्यु की मुख्य वजह SCA होने पर उम्र के अनुसार समायोजित की गई मृत्यु दर पुरुषों के लिए प्रति 1,00,000 पर 5.3 और महिलाओं के लिए प्रति 1,00,000 पर 3.4 थी.
- 2023 में, 2,02,399 पुरुषों की मृत्यु हुई जिनके मृत्यु प्रमाणपत्र में SCA का ज़िक्र था (किसी भी तरह से SCA से हुई मौतों का 53.2%).
- 2023 में, SCA के लिए उम्र के अनुसार समायोजित की गई किसी भी तरह की मृत्यु दर पुरुषों के लिए प्रति 1,00,000 पर 107.9 और महिलाओं के लिए प्रति 1,00,000 पर 75.3 थी.

## हृदय विफलता (HF) (ICD-10 I50)

- 2021 और 2023 के बीच, 20 साल और उससे अधिक आयु के लगभग 4.3 मिलियन वयस्क पुरुषों (वयस्क पुरुषों का 3.0%) को HF था.
- 2021 और 2023 के बीच, 20 साल और उससे अधिक आयु के पुरुषों में HF की व्यापकता NH अश्वेत पुरुषों में 3.6%; NH श्वेत पुरुषों में 3.0%, हिस्पैनिक पुरुषों में 2.3% और NH एशियाई पुरुषों में 1.3% थी.
- 2023 में, 43,101 पुरुषों की मृत्यु HF से हुई थी (HF से होने वाली सभी मौतों का 48.0%).
- 2023 में, मृत्यु की मुख्य वजह HF होने पर उम्र के अनुसार समायोजित की गई मृत्यु दर पुरुषों के लिए प्रति 1,00,000 पर 24.6 और महिलाओं के लिए प्रति 1,00,000 पर 19.1 थी.
- 2023 में, 2,11,047 पुरुषों की मृत्यु हुई जिनके मृत्यु प्रमाणपत्र में HF का ज़िक्र था (किसी भी तरह से HF से हुई मौतों का 50.5%).
- 2023 में, HF के लिए उम्र के अनुसार समायोजित की गई किसी भी तरह की मृत्यु दर पुरुषों के लिए प्रति 1,00,000 पर 118.6 और महिलाओं के लिए प्रति 1,00,000 पर 84.9 थी.

## उच्च रक्त चाप (HBP) (ICD-10 I10 से I15)

- 2021 से 2023 में, 20 वर्ष और उससे अधिक आयु की लगभग 65.6 मिलियन पुरुषों को HBP था (51.6% पुरुष).
- 2021 से 2023 तक, 74 वर्ष की आयु तक सभी आयु वर्गों में HBP से पीड़ित पुरुषों की संख्या महिलाओं की तुलना में अधिक थी. 75 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों में, HBP से पीड़ित महिलाओं का प्रतिशत पुरुषों की तुलना में अधिक था.
- 2021 और 2023 के बीच 20 वर्ष और उससे अधिक आयु के पुरुषों में, NH अश्वेत पुरुषों में से 62.3%, हिस्पैनिक पुरुषों में से 51.5%, NH श्वेत पुरुषों में से 50.4% और NH एशियाई पुरुषों में से 47.3% को HBP था.
- 2021 और 2023 के बीच HBP से पीड़ित पुरुषों में से, 21.0% NH श्वेत पुरुषों, 20.1% NH एशियाई पुरुषों; 16.9% NH अश्वेत पुरुषों और 17.6% हिस्पैनिक पुरुषों का रक्त चाप नियंत्रण में था.
- 2023 में, 64,812 पुरुषों की मृत्यु HBP से हुई (HBP से होने वाली मौतों का 48.8%).
- 2023 में, मृत्यु की मुख्य वजह HBP होने पर उम्र के अनुसार समायोजित की गई मृत्यु दर पुरुषों के लिए प्रति 1,00,000 पर 35.5 और महिलाओं के लिए प्रति 1,00,000 पर 28.3 थी.

जब तक कि अन्यथा उल्लेख न किया गया हो, इस फ़ैक्ट शीट में दिए गए सभी आंकड़े संयुक्त राज्य से संबंधित हैं. कृपया रिपोर्ट किए गए आंकड़ों के संदर्भ और अतिरिक्त जानकारी के लिए संपूर्ण आंकड़ों का अपडेट देखें.

©2026 American Heart Association, Inc. सर्वाधिकार सुरक्षित. अनधिकृत उपयोग निषिद्ध है.

## तंबाखू और निकोटीन का उपयोग और एक्सपोजर

- 2022 के आंकड़ों के अनुसार, 12 से 17 वर्ष की आयु के व्यक्तियों में तम्बाकू उत्पादों का जीवनकाल में उपयोग महिलाओं की तुलना में पुरुषों में अधिक था (8.9% बनाम 8.4%). 18 साल और उससे अधिक आयु के वयस्कों में, ज़िंदगी भर इस्तेमाल संबंधी आंकड़े महिलाओं में 54.5% और पुरुषों में 69.9% थे.
- 2021 में 18 वर्ष और उससे अधिक आयु के वयस्कों में से, 13.1% पुरुष और 10.1% महिलाएं मौजूदा समय में धूम्रपान करने वाले थे, जिन्होंने हर दिन या कुछ दिनों में सिगरेट के इस्तेमाल की जानकारी दी थी.
- 2024 के आंकड़ों के अनुसार, ई-सिगरेट युवाओं के बीच सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला तंबाकू उत्पाद था, जिसमें 7.8% पुरुष हाई स्कूल स्टूडेंट्स और 7.7% महिला हाई स्कूल स्टूडेंट्स ई-सिगरेट का इस्तेमाल करते थे.

## उच्च रक्त कोलेस्ट्रॉल और अन्य लिपिड

- 2021 से 2023 के आंकड़ों के अनुसार, 6 से 11 वर्ष की आयु के बच्चों में औसत कुल कोलेस्ट्रॉल का स्तर 158.3 mg/dL था. पुरुषों में यह स्तर 159.2 mg/dL था; महिलाओं में यह 157.4 mg/dL था.
- 2021 से 2023 के आंकड़ों के अनुसार, 12 से 19 वर्ष की आयु के युवाओं में औसत कुल कोलेस्ट्रॉल का स्तर 154.8 mg/dL था. पुरुषों में यह स्तर 151.9 mg/dL था; महिलाओं में यह 157.9 mg/dL था.
- 2021 से 2023 तक 20 वर्ष और उससे अधिक आयु के वयस्कों में:
  - 35.0% पुरुषों और 37.1% महिलाओं का कुल कोलेस्ट्रॉल स्तर 200 mg/dL या उससे अधिक था.
  - 11.1% पुरुषों और 11.3% महिलाओं का कुल कोलेस्ट्रॉल स्तर 240 mg/dL या उससे अधिक था.
  - 21.7% पुरुषों और 6.8% महिलाओं में उच्च घनत्व वाले लिपोप्रोटीन (HDL) कोलेस्ट्रॉल का स्तर 40 mg/dL से कम था.
- 2017 से 2020 तक 20 वर्ष और उससे अधिक आयु के वयस्कों में:
  - 25.6% पुरुषों और 25.4% महिलाओं में निम्न घनत्व वाले लिपोप्रोटीन (LDL) कोलेस्ट्रॉल का स्तर 130 mg/dL या उससे अधिक था.

## शारीरिक गतिविधि

- 2022 और 2023 के आंकड़ों के अनुसार, 0 से 17 वर्ष की आयु के युवा टेलीविजन, कंप्यूटर, सेल फ़ोन या अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के सामने प्रोग्राम देखने, गेम खेलने, इंटरनेट का उपयोग करने या अधिकांश कार्यदिवसों में सोशल मीडिया (स्कूल का काम शामिल नहीं) का उपयोग करने में ≥4 घंटे/दिन बिताते हैं, उनका प्रतिशत 21.5% था. पुरुषों के लिए यह प्रतिशत 22.2% और महिलाओं के लिए 20.9% था.
- 6 से 17 साल की आयु के युवाओं के 2022 और 2023 के डेटा के अनुसार, 22.6% लड़के और 16.2% लड़कियां सप्ताह के हर दिन 60 मिनट तक सक्रिय रहते थे.
- 2021 से 2023 में, 12 से 17 साल के किशोरों में से जो सप्ताह के ज़्यादातर या हर दिन स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करते थे, उनमें 44.4% लड़के और 26.7% लड़कियां थीं.

## अधिक वज़न और मोटापा

2021 से 2023 तक के डेटा के अनुसार:

- 2 से 19 साल की आयु के 23.0% लड़के मोटापे से ग्रसित थे, जबकि लड़कियों में यह आंकड़ा 19.1% था.
- 20 साल और उससे अधिक आयु के सभी वयस्क पुरुषों में से 39.3% मोटापे से ग्रसित थे, जबकि वयस्क महिलाओं (आयु-समायोजित प्रसार) में यह आंकड़ा 41.4% था.

जब तक कि अन्यथा उल्लेख न किया गया हो, इस फ़ैक्ट शीट में दिए गए सभी आंकड़े संयुक्त राज्य से संबंधित हैं. कृपया रिपोर्ट किए गए आंकड़ों के संदर्भ और अतिरिक्त जानकारी के लिए संपूर्ण आंकड़ों का अपडेट देखें.

©2026 American Heart Association, Inc. सर्वाधिकार सुरक्षित. अनधिकृत उपयोग निषिद्ध है.

**डायबिटीज़ (ICD-10 E10 से E14)**

- 2021 से 2023 तक चिकित्सक द्वारा डायग्नोज़ की गई डायबिटीज़ से पीड़ित 29.5 मिलियन अमेरिकी वयस्कों में से 15.0 मिलियन पुरुष थे (सभी पुरुष वयस्कों का 11.3%); सभी पुरुष वयस्कों में, द्वारा डायग्नोज़ की गई डायबिटीज़ का प्रसार NH अश्वेत पुरुषों में 17.9%, NH हिस्पैनिक पुरुषों में 11.7%, एशियाई पुरुषों में 11.1% और NH श्वेत पुरुषों में 9.9% था.
- 2021 से 2023 तक 9.6 मिलियन अमेरिकी वयस्कों में डायग्नोज़ नहीं की गई डायबिटीज़ में से, 5.4 मिलियन पुरुष थे (सभी पुरुष वयस्कों का 4.1%); सभी पुरुष वयस्कों में, 5.4% NH अश्वेत पुरुषों, 4.9% NH एशियाई पुरुषों, 4.2% हिस्पैनिक पुरुषों और 3.7% NH श्वेत पुरुषों में डायबिटीज़ का पता नहीं चला.
- 2021 से 2023 तक प्रीडायबिटीज़ से पीड़ित 96.0 मिलियन अमेरिकी वयस्कों में से 53.6 मिलियन पुरुष थे (सभी पुरुष वयस्कों का 42.5%); सभी वयस्क पुरुषों में, प्रीडायबिटीज़ 51.3% हिस्पैनिक पुरुषों में; 40.8% NH श्वेत पुरुषों में, 40.3% NH एशियाई पुरुषों में और 35.2% NH अश्वेत पुरुषों में मौजूद थी.
- 2023 में, डायबिटीज़ से 54,665 पुरुषों की मृत्यु हुई (डायबिटीज़ से होने वाली सभी मौतों का 57.4%).
- 2023 में, मृत्यु की मुख्य वजह डायबिटीज़ होने पर उम्र के अनुसार समायोजित की गई मृत्यु दर पुरुषों के लिए प्रति 1,00,000 पर 28.4 और महिलाओं के लिए प्रति 1,00,000 पर 17.3 थी.

फ़ैक्ट शीट, इन्फोग्राफिक्स और वर्तमान/पूर्व आंकड़ों के अपडेट के प्रकाशन यहां से डाउनलोड किए जा सकते हैं:
Heart and Stroke Association Statistics | American Heart Association (वेबसाइट अंग्रेज़ी में).

इस फ़ैक्ट शीट के कई आंकड़े, अप्रकाशित सारणी से संबंधित हैं जिन्हें आंकड़ों के अपडेट दस्तावेज़ के लिए संकलित किया गया है और नीचे सूचीबद्ध दस्तावेज़ उद्धरण का इस्तेमाल करके उल्लेखित किया जा सकता है. सारणी बनाने के लिए इस्तेमाल किए गए डेटा स्रोत पूरे दस्तावेज़ में सूचीबद्ध हैं. इसके अलावा, कुछ आंकड़े प्रकाशित अध्ययनों से मिले हैं. अगर आप इस फ़ैक्ट शीट में किसी आंकड़े का उल्लेख कर रहे हैं, तो कृपया डेटा स्रोतों और वास्तविक उद्धरणों को निर्धारित करने के लिए पूरे हृदय रोग और स्ट्रोक से जुड़े आंकड़ों का दस्तावेज़ देखें.

American Heart Association अनुरोध करता है कि संपूर्ण दस्तावेज़ का उल्लेख इस प्रकार किया जाए:

Palaniappan LP, Allen NB, Almarzooq ZI, Anderson CAM, Arora P, Avery CL, Baker-Smith CM, Bansal N, Currie ME, Earlie RS, Fan W, Fetterman JL, Barone Gibbs B, Heard DG, Hiremath S, Hong H, Hyacinth HI, Ibeh C, Jiang T, Johansen MC, Kazi DS, Ko D, Kwan TW, Leppert MH, Li Y, Magnani JW, Martin KA, Martin SS, Michos ED, Mussolino ME, Ogungbe O, Parikh NI, Perez MV, Perman SM, Sarraju A, Shah NS, Springer MV, St-Onge M-P, Thacker EL, Tierney S, Urbut SM, Van Spall HGC, Voeks JH, Whelton SP, Wong SS, Zhao J, Khan SS; American Heart Association काउंसिल की एपिडेमियोलॉजी और प्रिवेंशन आंकड़ों की कमेटी व स्ट्रोक्स आंकड़ों की कमेटी की ओर से. 2026 हृदय रोग और स्ट्रोक के आंकड़े: American Heart Association की ओर से अमेरिकी और वैश्विक डेटा की एक रिपोर्ट. *सर्कुलेशन.* 21 जनवरी 2026 को ऑनलाइन प्रकाशित.

कृपया सभी मीडिया संबंधी पूछताछ के लिए न्यूज़ मीडिया रिलेशंस से http://newsroom.heart.org/newsmedia/contacts (वेबसाइट अंग्रेज़ी में) पर संपर्क करें.

जब तक कि अन्यथा उल्लेख न किया गया हो, इस फ़ैक्ट शीट में दिए गए सभी आंकड़े संयुक्त राज्य से संबंधित हैं. कृपया रिपोर्ट किए गए आंकड़ों के संदर्भ और अतिरिक्त जानकारी के लिए संपूर्ण आंकड़ों का अपडेट देखें.

©2026 American Heart Association, Inc. सर्वाधिकार सुरक्षित. अनधिकृत उपयोग निषिद्ध है.